सत्यमेव जयते

**राजस्थान राजपत्र**
**विशेषांक**

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

**साधिकार प्रकाशित**

**Published by Authority**

भाद्र 27, गुरूवार, *शाके* 1947- सितम्बर 18, 2025
Bhadra 27, Thursday, Saka 1947- September 18, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

**स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर**

अधिसूचना

**जयपुर, सितम्बर 01, 2025**

**संख्या प.10(न.पा.)(गठन)( चुनाव)डीएलबी/25/16621:-**राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर झुंझुनु द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका विद्यावि‌हार हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

**राज्यपाल की आज्ञा से,**

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
**निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।**

**नगर पालिका विद्यावि‌हार का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025**

| वार्ड सं. | विवरण | जनसंख्या |
|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका विद्या विहार सीमा के उत्तरी-पश्चिमी कोने से पालिका की पश्चिमी सीमा के सहारे- सहारे दक्षिण की तरफ चलते हुए बांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए सरवागियों के कुँए को शामिल कर सीरी की दीवार के पास आकर उत्तर की तरफ चाँद सरावगी से घूमकर उत्तर दिशा में चलते हुए बांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए सीधे राजगढ़ रोड पर आकर ओम प्रकाश सैनी को शामिल कर उत्तर दिशा में चलकर श्रीमती सरिता देवी के मकान को शामिल करते हुए वापस पश्चिम में पालिका सीमा के सहारे- सहारे बांये हाथ की आबादी को शामिल कर मुख्य बिंदू तक | 567 |
| 2 | श्री के. एस. शर्मा के मकान के सामने स्थित ट्रांसफोर्मर से पश्चिम की तरफ | 553 |

| | | |
|---|---|---|
| | झेरली रोड पर चलते हुए सरहद मौजा झेरली पर पहुँच कर यहां से दक्षिण की तरफ सीमा रेखा पर चलते हुये खसरा न० 01 के दक्षिण पश्चिम कोने से खसरा न० 1,11,13,14,16 को शामिल करते हुये सीरी कैम्पस के दक्षिण पश्चिम कोने पर पहुच कर कैम्पस दीवार के उतर की तरफ चलते हुये सीरी के मुख्य भाग को शामिल करते हुये विवेक पथ पर आकर उतर में चलते हुये विक्रम सारा भाई मार्ग पर क्वाटर न० एफ - 29 से पूर्व की तरफ चलते हुये एफ-24 के पास सुन्दर कुंज रास्ते पर उतर में चलते हुये बाये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिंदु पर । | |
| 3 | घुमनसर रास्ते से बिट्स की दीवार के सहारे सहारे उतर में सीरी की दीवार की तरफ से पश्चिम में दीवार के सहारे-सहारे विद्या विहार सीमा तक व दक्षिण में घूमकर पालिका सीमा के मध्य घुमनसर रास्ते तक पूर्व में घुमनसर रास्ते से प्रारम्भिक बिंदु तक । | 626 |
| 4 | सामुदायिक भवन से पूर्व में चलकर बिट्स की दिवार के सहारे-सहारे उतर में चलकर घुमनसर रास्ते-रास्ते पश्चिम में चलकर पालिका सीमा तक दक्षिण में सीमा के सहारे-सहारे महेश सोनी के मकान को दाहिंने तरफ छोड़ते हुए बाये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए प्रारम्भिक बिंदु तक । | 600 |
| 5 | क्वाटर न० 26@2 के उतरी - पश्चिम कोने से कैम्पस की दीवार के सहारे-सहारे दक्षिण में चलते हुये कैम्पस की दक्षिणी पश्चिमी कोने से पूर्व में घूमकर पश्चिमी दीवार के साथ - साथ चलते हुये डेरी क्वाटर्स को पूर्व में छोड़ते हुये उतर में चलकर 219 डी के पास आकर उत्तर में चलते हुये बाये हाथ की समस्त आबादी को शामिल करते हुये शिशुविहार के उत्तरी - पश्चिमी कोने पर पहुचकर पश्चिम में चलते हुये मीरा भवन को शामिल करते हुये दक्षिण - पश्चिमी कोने से पश्चिम में चलते हुये पूजा ग्राउंड को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिंदु तक । | 595 |
| 6 | विद्यापीठ के उतरी - पश्चिमी कोने से दक्षिण मैं चलते हुए विद्यापीठ के स्टाफ क्वार्टर को शामिल कर विधापीठ के दक्षिण - पश्चिमी कोने से पूर्व मे चलकर मीरा भवन को दाहिने छोडते हुये शिशु विहार के उत्तरी - पश्चिमी कोने से दक्षिण मे चलकर क्वाटर न0 207 डी को छोड़कर कैम्पस बाउंड्री के सहारे - सहारे पूर्व की ओर चलते हुये एनसीसी क्वार्टर के पास सीढ़ियो के रास्ते कैम्पस एरिया मे प्रवेश कर उत्तर मे चलते हुये बाये हाथ की आबादी को शामिल करते हुये श्री वी पी बेरी के क्वाटर के पास पश्चिमी की ओर मुड़कर बाये हाथ की आबादी को शामिल करते हुये डेयरी की सड़क कर पहुचकर उत्तर मे एल्मुनियम | 722 |

| | | |
|---|---|---|
| | होम को दाहिनी ओर छोड़ते हुये कोठी न0 1 को शामिल कर उत्तरी - पूर्वी कोने से पश्चिम मे चलते हुये व्यास भवन के दक्षिणी - पश्चिमी कोने पर पहुचकर उत्तर की तरफ चल कर व्यास भवन को दाहिने छोड़ते हुये व्यास भवन के उत्तरी - पश्चिमी कोने से पूर्व की ओर चलकर पूर्वी - उत्तरी कोने पर आकर सड़क - सड़क उत्तर की चलते हुये बाये हाथ की आबादी को शामिल कर जिमनेजियम चौराहे पर पहुचकर जिमनेजियम के चोराहे की उत्तरी - पश्चिमी कोने से पश्चिम की ओर चलते हुये बाये हाथ की समस्त आबादी को शामिल करते हुये वापस प्रारम्भिक बिन्दु पर । | |
| 7 | म्यूजियम के पश्चिमी उत्तरी कोने से दक्षिण मे चलकर कैम्पस की दीवार के सहारे - सहारे चलते हुये क्वाटर न0 61/1 के दक्षिणी - पश्चिमी कोने से पूर्व मे चलते हुये पूजा ग्राउंड को दाहिनी ओर छोड़कर मीरा भवन की दीवार के सहारे - सहारे उत्तर मे चलकर सामने विधापीठ की दीवार से पश्चिम मे मुड़ते हुये विधापीठ के सहारे - सहारे बाये हाथ की आबादी को शामिल कर दक्षिणी - पूर्वी कोने पर पहुचकर पश्चिमी गेट से पूर्व मे चलते हुये गांधी स्टेच्यु से डॉ0 राजेंद्र प्रसाद की स्टेच्यु के पूर्व मे चलते हुये राणा प्रताप भवन के उत्तरी - पश्चिमी कोने से दक्षिण मे चलते हुये अशोक भवन के दक्षिणी पूर्वी कोने से उत्तर मे सड़क के सहारे चलते हुये यूको बैंक के पश्चिम मे पोस्ट ऑफिस को दाहिनी ओर छोड़ते हुये बाये हाथ की आबादी को टेलीफ़ोन ऑफिस के पश्चिम कोने से की सीमा चलते हुये वापस कैम्पस की दीवार के सहारे - सहारे प्रारम्भिक बिन्दु पर । | 695 |
| 8 | राजगढ़ रोड़ पर ओधोगिक क्षेत्र के दक्षिणी पश्चिमी कोने से दक्षिण मे सड़क - सड़क चलकर झेरली रोड़ से पश्चिम मे चलकर श्री एस के शर्मा के मकान के सामने से सीरी कैम्पस सुन्दर कुंज के रास्ते दक्षिण की तरफ चलते हुये विक्रम सारा भाई मार्ग पहुचकर दक्षिण मे चलकर सीधे सीरी की बाउंड्री पर आकार सीरी के दक्षिण गेट से बी॰आई॰टी॰एस॰ लाइब्रेरी को पश्चिम मे छोड़ते हुये टेलीफ़ोन एक्सचेंज व पोस्ट ऑफिस को शामिल करते हुये बी॰आई॰टी॰एस॰ की बाउंड्री होते हुये सीरी की पूर्वी दीवार के सहारे सहारे चलते हुये पूर्वी गेट से राजगढ़ रोड़ - रोड़ पश्चिम मे चलकर वापस प्रारम्भिक बिन्दु पर । | 541 |
| 9 | नगरपालिका उत्तरी पश्चिमी सीमा राजगढ़ रोड़ से पालिका की पश्चिमी सीमा के सहारे-सहारे दक्षिण मे चलते हुये बाये हाथ आबादी को शामिल करते हुये झेरली रोड़ तक, झेरली रोड़ से रोड़-रोड़ चलते हुये रघुवीर सिंह के मकान को शामिल कर उत्तर दिशा मे राजगढ़ रोड़ पर आकार राजगढ़ रोड़ से पश्चिम मे प्रारम्भ | 683 |

| | | |
|---|---|---|
| | बिन्दु पर । | |
| 10 | झेरली रोड पर चांवाला के पुराने मकान से पूर्व में सीधे चलते हुए बी.टी.टी.आई. की दीवार के सहारे-सहारे पूर्व में चलते हुये बी.टी.टी.आई. के उत्तरी पूर्वी कोने से सीधे - सीधे उत्तर में रास्ते-रास्ते बनवारी खाती के मकान को दाहिने छोड़ते हुए पश्चिम में घूमकर सार्वजनिक कुंए तक से प्रारम्भिक बिंदु तक । | 639 |
| 11 | राजगढ़ रोड बनवारी खाती को शामिल कर दक्षिण में सीधे बी.टी.टी.आई. की दीवार तक दीवार-दीवार पूर्व में चलते हुए बी.टी.टी.आई. के उत्तरी पूर्वी कोने से सीधे दक्षिण में रोड पर पहुँचकर पूर्व में सडक-सड़क चलते हुए त्रिवेणी प्याऊ तक बाहें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए त्रिवेणी प्याऊ से उत्तर में राजगढ़ रोड चलते हुए प्रारम्भिक बिन्दु तक । | 570 |
| 12 | सीरी के दक्षिणी मुख्य द्वार से पूर्व में सड़क - सड़क चलते हुए दक्षिण में सड़क-सड़क चलकर श्री हवा सिंह राहड के मकान से घूमकर सड़क - सड़क चलकर श्री रविकान्त के मकान से दक्षिण में सड़क-सड़क चलकर राजपूत छात्रावास से पूर्व में घूमकर सड़क-सड़क चलकर शेखावाटी ग्रामीण बैंक के आगे से सड़क-सड़क चलकर कैम्पस के मुख्य द्वार पर पहुँच कर चुंगी न० 02 पर आकर उत्तर की और राजगढ़ रोड चलते हुए प्रभु मीणा की दुकान से पश्चिम की और चलते हुए श्री किशन सिंह सूबेदार के मकान के दक्षिणी पूर्वी कोने पर पहुँच कर उत्तर में सड़क सड़क चलते हुए बाये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए लक्ष्मीनारायण मंदिर को दाहिनी और छोड़ते हुए मंदिर के सामने सीवरेज प्लांट को शामिल करते हुए सीवरेज प्लांट की बाउंड्री पर चलते हुए सीरी रोड पर आकर पश्चिम में चलकर सीरी के पूर्वी मुख्य द्वार पर आकर दक्षिण में घूमकर वापस प्रारम्भिक बिन्दू<br>पर । | 713 |
| 13 | सीवरेज प्लान्ट के उत्तरी पूर्वी कोने से त्रिवेणी प्याऊ पहुँच कर दक्षिण में चलते हुए बाये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए वैध हाईवेयर के दक्षिणी पूर्वी कोने पर पहुँचकर पश्चिम में चलते हुए अमीलाल चौधरी के पश्चिमी उत्तरी कोने पर पहुंचकर केशरदेव अग्रवाल के दक्षिणी पश्चिमी कोने से पश्चिम में चलकर मनीराम कादयान के दक्षिणी पश्चिमी कोने से प्रारम्भिक बिन्दू तक व राजपूत छात्रावास, सूरजमल स्वामी व् महावीर स्वामी को शामिल करते हुए वापस प्रारम्भिक बिन्दू पर । | 632 |
| 14 | विद्या विहार कैंपस के पूर्वी गेट से पश्चिम में चलते हुए अशोक भवन के दक्षिणी-पश्चिमी कोने से उत्तर में चलते हुए वर्कशॉप के दक्षिणी-पश्चिमी कोने | 690 |

| | | |
|---|---|---|
| | पर पहुंचकर दाये हाथ की आबादी को छोड़कर पश्चिम में चलकर डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की स्टेच्यु से दक्षिण में चलकर गाँधी स्टेच्यु के पास आकर पूर्व में चलते हुए जीम के पश्चिमी-उत्तरी कोने से दक्षिण में चलकर मेडिकल सेंटर के उत्तरी-पश्चिमी कोने से पूर्व में चलते हुए डॉक्टर पारीक के क्वार्टर के पास से उत्तर में चलते हुए क्वार्टर बी-71 के उत्तरी -पश्चिमी कोने से पूर्व में कैम्पस की दीवार के सहारे- सहारे चलते हुए बांये हाथ की आबादी को शामिल कर दीवार के सहारे सहारे प्रारम्भिक बिन्दू पर । | |
| 15 | शंकर भवन के पश्चिमी उत्तरी कोने से दक्षिण में चलये हुए व्यास भवन को शामिल कर मेडिकल सेंटर के उत्तरी- पश्चिमी कोने से दक्षिण में चलकर बांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए बहार पुलिया पर से होते हुए एल्युमीनियम होम को शामिल करते हुए श्री रोशन लाल के क्वार्टर के दक्षिणी-पश्चिमी कोने से पूर्व की ओर चलते हुए बांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए ताराचंद के क्वार्टर के पास पहुँच कर दक्षिण की ओर कैम्पस की दीवार पर पहुँच कर पूर्व में चलते हुए दक्षिणी पूर्वी कोने से दीवार के सहारे-सहारे श्री ख्याली शर्मा के मकान से पश्चिम में चलकर डॉक्टर के क्वार्टर से होते हुए मेडिकल सेंटर के कोने से उत्तर में चलते हुए जीम के उत्तरी- पश्चिमी कोने से पश्चिम में वापस प्रारम्भिक बिन्दू पर । | 704 |
| 16 | शनि मंदिर से बांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए पश्चिम में महेश सोनी के मकान को शामिल कर विद्या विहार की सीमा के सहारे - सहारे दक्षिण में राजस्व ग्राम हनुमनतपुरा की सीमा के सहारे सहारे पूर्व में वापस मैन सड़क पर आकर पश्चिम में वापस प्राम्भिक बिन्दू तक | 658 |
| 17 | बीड़ के उत्तरी पश्चिमी कोने से खेड़ला का बास जाने वाले सड़क पर चलते हुए श्री ख्यालीराम को शामिल करते हुए कैम्पस के दक्षिणी पश्चिमी कोने से पूर्व में पातालपुरी कृषि फॉर्म की सीमा के सहारे सहारे चलते हुए जैश नाई की प्याऊ को शामिल करते हुए सड़क के उत्तर में चलते हुए चंद्र भवन कोठी के दक्षिणी पूर्व कोने पर आकर चंद्र भवन कोठी की बॉउंड्री के साथ-साथ पश्चिम में चलते हुए चंद्र भवन कोठी को दाहिने छोड़ते हुए उत्तर में चलकर चंद्र भवन कोठी के उत्तरी पश्चिमी कोने से पश्चिम में चलते हुए बिरला सार्वजनिक अस्पताल के दक्षिणी पश्चिमी कोने से उत्तर में चलते हुए बांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए बिरला सार्वजनिक अस्पताल के उत्तरी गेट से उत्तर में चलते हुए बेडवाल अस्पताल में उत्तरी पूर्वी कोने से पश्चिम में चलते हुए नई सड़क पर आकर उत्तर में चलते हुए बिरला हॉस्टल के पूर्वी उत्तरी कोने से पश्चिम में | 638 |

| | | |
|---|---|---|
| | चलते हुए आइस फैक्ट्री से संस्कृत कॉलेज के उत्तरी पश्चिमी कोने से पश्चिम में सीधे विक्ट्री गैस ओफिस के सामने सर्किल से पश्चिम में सड़क-सड़क चलते हुए हरिजन गेट के उत्तर में कैम्पस की दीवार के सहारे-सहारे चलते हुए राजपूत हॉस्टल को दाहिने छोड़ते हुए यूको बैंक के पूर्वी उत्तरी कोने से पश्चिम में चलते हुए यूको बैंक को शामिल करते हुए दक्षिण में चलते हुए मुख्य सड़क पर आकर हरिजन गेट से निकल कर वापस प्रारम्भिक बिंदू तक । | |
| 18 | पिलानी सीमा को छोड़ते हुए महादेवी सिंघी नेत्र चिकित्सालय को शामिल करते हुए पूर्व में पिलानी सीमा को छोड़ते हुए जैस नाई की प्याऊ से होते हुए बांये हाथ की आबादी को शामिल हुए डाडा पेट्रोल पंप को शामिल करते हुए चंद्रभवन कोठी के पास से प्रारम्भिक बिंदू तक । | 717 |
| 19 | बिरला हॉस्टल से दक्षिण के तरफ चलकर बिरला सार्वजनिक अस्पताल के दक्षिण पश्चिम कोने को शामिल करते हुए पेट्रोल पम्प से मुख्य सड़क के सहारे-सहारे भगत सिंह सर्किल को शामिल कर पिलानी नगर पालिका की सीमा के सहारे-सहारे प्रारम्भिक बिन्दू तक । | 602 |
| 20 | भगत सिंह सर्किल से पूर्व में चलते हुए बिरला पब्लिक स्कूल गेट के अंदर चलकर बने हुए मकानात एवं स्कूल मय हॉस्टल, खेल मैदान आदि को शामिल कर पुनः भगत सिंह सर्किल प्रारम्भिक बिंदू पर । | 727 |
| 21 | गोयनका हवेली के उत्तरी पश्चिमी कोने से दक्षिण में चलकर बांये हाथ की आबादी को शामिल कर पंचवटी को दाहिने छोड़ते हुए पूर्व में चलते हुए भगत सिंह सर्किल रोड़ पर चलते हुए बांये हाथ की आबादी नगर पालिका पिलानी की सीमा तक के मकानात शामिल करते हुए उत्तर में भगत सिंह सर्किल पर आकर पश्चिम में नगर पालिका पिलानी की सीमा के सहारे-सहारे जालू वाला कुआं के पास आकर उत्तर में चलकर नगर पालिका पिलानी की सीमा को छोड़कर बिरला गेस्ट हाउस व साबू आदि को शामिल कर व बांये हाथ की आबादी को शामिल कर खददर स्कूल को शामिल कर पश्चिम दिशा में घूमकर पाडिया स्कूल को शामिल कर नगर पालिका की सीमा के सहारे- सहारे बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिंदू तक । | 552 |
| 22 | सुभाष कपूर के मकान से दक्षिण में चलकर दुर्गा मंदिर को शामिल कर जखोडिया पार्टी से नगर पालिका पिलानी की सीमा के सहारे- सहारे उत्तर में चलकर घनश्याम गढ़वाल के मकान तक एवं उक्त मकान को शामिल कर दक्षिण में चिरंजीलाल के मकान को शामिल करते हुए प्रारम्भिक बिंदू तक । | 572 |
| 23 | पूजा धर्म कांटे से दक्षिण पूर्वी कोने से उत्तर दिशा में सुनील पांडे के मकान को | 642 |

| | | |
|---|---|---|
| | शामिल करते हुए पश्चिम में घूमकर राजगढ़ रोड़ पर आकर उत्तर में घूमकर बजरंग टेलर से पिलानी सीमा के सहारे-सहारे उत्तर में चलते हुए त्रिवेणी प्याऊ तक एवं वापस राजगढ़ रोड़ पर दक्षिण में चलकर वार्ड संख्या 13 की सीमा के सहारे-सहारे निवास खाती के नोहरे को शामिल कर पश्चिम में मुड़कर प्रेम सिंह के मकान को शामिल कर दक्षिण में केशर देव के मकान को शामिल कर पूर्व में मुड़कर बस स्टैंड को शामिल कर प्रारम्भिक बिंदू तक । | |
| 24 | नगर पालिका की उत्तरी सीमा से महिपाल सूबेदार के मकान से दक्षिण में चलते हुए राजगढ़ रोड़ पर पहुँचकर पूर्व में चलते हुए बांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए राजगढ़ रोड़-रोड़ त्रिवेणी प्याऊ, त्रिवेणी प्याऊ से नगर पालिका सीमा के सहारे-सहारे उत्तर में चलते हुए सीमा-सीमा पश्चिम में मुड़कर चलते हुए बांये हाथ की आबादी बिजली बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र को शामिल करते हुए प्रारम्भिक बिंदू तक । | 699 |
| 25 | सत्यवान मास्टर के घर से राजगढ़ रोड़ से होते हुए पश्चिम सीमा की तरफ नगर पालिका सीमा तक दांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए पूर्व की तरफ श्याम जी मास्टर के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण में प्रारम्भिक बिंदू तक । | 583 |

---

**राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।**